Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 15-05-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

>

Title : Need for early implementation of "Rajiv Gandhi Energy Scheme" in Amreli District, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : देश के किसानों, आदिवासी एवं हरिजनों को बिजली सुविधा दिलाने हेतु राजीव गांधी ऊर्जा योजना गुजरात के भरुच, नर्मदा, जामनगर, जूनागढ़ एवं भावनगर इत्यादि जिलों में आरम्भ की है जिससे केन्द्र सरकार किसान, हरिजन एवं आदिवासी लोगों को हो रही बिजली की कमी दूर कर सके और किसान अपने खेतों में कृाि उत्पादन को बढ़ा सके एवं हरिजन एवं आदिवासी लोगों को बिजली की सुविधा देकर उनको िवकास के अवसर दिए जा सकें। किन्तु उपरोक्त योजना को मेरे संसदीय क्षेत्र के जिले अमरेली में लागू नहीं किया है जबकि अमरेली में खेतीबाड़ी ही मुख्य व्यवसाय है और यहां की अधिकतर जनसंख्या खेतीबाड़ी के कार्य में लगी हुई है एवं बड़ी संख्या में हरिजन एवं आदिवासी लोग रहते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के किसान, हरिजन एवं आदिवासी लोग राजीव गांधी ऊर्जा योजना से वंचित रह जाएंगे।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राजीव गांधी ऊर्जा योजना को मेरे संसदीय क्षेत्र के अमरेली जिले में शीघ्र लागू किया जाए।